वर्ष 6 अंक 148
पृष्ठ 16+4=20
धनबाद, रविवार
3 दिसंबर 2017
आसनसोल
मूल्य ₹ 5.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण



जातिवाद और परिवारवाद के लिए तिलांजलि दे रहा उत्तर प्रदेश : योगी 11

मोदीजी गुजरात के शिक्षा संस्थानों में ऊंची फीस क्यों है : राहुल 13

www.jagran.com
पश्चिम बंगाल • झारखंड • बिहार • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखण्ड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित



# सर, यात्रियों की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाया जा रहा है?

**जागरण संवाददाता, आसनसोल :** दैनिक जागरण के बाल संवाद कार्यक्रम में आसनसोल रेल मंडल के वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त डॉ. एएन झा से रूबरू हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं।

- **सवाल: आसनसोल में सबसे अच्छा क्या लगता है?**

**अनन्या कश्यप**

- जवाब: आसनसोल में देश के विभिन्न राज्यों से आए लोग विभिन्न भाषा बोलने के बावजूद एक- दूसरे से काफी घुलमिल कर रहते है, ये काफी अच्छा लगता है। कहा जाए तो ये शहर मिनी भारत है।
- **सवाल: समाज में व्याप्त भेदभाव को कैसे मिटाया जा सकता है ?**

**राजनंदनी साह**

- जवाब: सामाजिक भेदभाव मिटाने के लिए सबसे पहले समाज के लोगों को जागरूक होना होगा ।
- **सवाल: आपको सफलता पाने के लिए किन कठिनाईयों का सामना करना पड़ा?**

**मृत्युंजय दास**




- जवाब: थोड़ी परेशानियां आयी लेकिन उसे नजर अंदाज करते हुए निरंतर प्रयासरत रहा ।
- **सवाल: भ्रष्टाचार रोकने के लिए आप क्या कदम उठा रहे हैं?**

**सुयास जायसवाल**

- जवाब: मैं स्वयं औचक निरीक्षण करता हूं और अधिकारियों के साथ बैठक करता हूं। शिकायत मिलने पर कार्रवाई भी की जाती है।
- **सवाल: आपने अपनी नौकरी की शुरुआत कहां से की ?**



बाल संवाद में छात्रों के सवालों का जवाब देते वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त डा . एएन झा • जागरण

**अंकिता रंजन प्रसाद**

- जवाब: वर्ष 1999 में असम के लाम्बिग से नौकरी की शुरूआत की थी।
- **सवाल: क्या आप अपने कार्य से संतुष्ट हैं?**

**अमीशा**

- जवाब: मैं हमेशा अपने कार्य को सेवा भाव से करता हूं, जिसके कारण मैं संतुष्ट हूं ।
- **सवाल : हम बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिए क्या करना चाहिए?**

**छेयांश जयसवाल**

- जवाब: ईमानदारी व मेहनत के बल पर ही अच्छी जिंदगी मिल सकती है। लक्ष्य निर्धारित कर ईमानदारी से खूब मेहनत करें।
- **सवाल: रेलवे सुरक्षा बल का क्या काम है?**

**अनन्या साईं**

- जवाब: रेलवे सुरक्षा बल का कार्य रेलवे की संपत्ति और रेल यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करना है।
- **सवाल : रेलवे सुरक्षा बल में महिलाओं की नियुक्ति के लिए कोई योजना है?**

**मोनालिसा चटर्जी**

- जवाब: आसनसोल में महिला बटालियन ट्रेनिंग सेंटर का कार्य तेजगति से चल रहा है, 780 महिला जवानों की नियुक्ति होगी। इसमें अब तक 200 की नियुक्ति हो चुकी है, जो हावड़ा व सियालदह रेल मंडल के अधीन विभिन्न

**बाल संवाद कार्यक्रम में आसनसोल रेल मंडल के वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त डॉ. एएन झा से रूबरू हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्र–छात्राएं**

जगहों में नियुक्त है।

- **सवाल: आपराधिक घटनाओं में हो रही वृद्धि की रोकथाम के लिए क्या किया जा रहा है?**

**सरावस्ती**

- जवाब: पहले की अपेक्षा अपराध में बहुत कमी आयी है, अपराध पर लगाम लगाने के लिए विभिन्न ट्रेनों में सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहा है। बहुत जल्द राजधानी व शताब्दी एक्सप्रेस में सीसीटीवी कैमरा लग जाएगा ।
- **सवाल: यात्रियों की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाया हा रहा है ?**

**नैनिका अग्रवाल**

- जवाब: यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेलवे की हेल्पलाइन नंबर 182 है, इसके प्रति विशेष सजगता बरती जाती है। ट्रेनों में आरपीएफ स्कार्ट पार्टी रहती है, प्लेटफार्म पर भी 24 घंटे आरपीएफ मुस्तैद रहते है। यात्रियों को सुरक्षा के लिए सजग रहने को जागरूक भी किया जाता है।
- **सवाल: सर, क्या कभी आप अपने लक्ष्य से भटके ?**

**अनंत शर्मा**

- जवाब: हां जेएनयू में पढ़ाई के दौरान छात्र राजनीति में ज्यादा सक्रिय हो गया था, लेकिन प्रोफेसर द्वारा समझाने पर पुनः पढ़ाई को प्राथमिकता मानकर ध्यान लगाया।
- **सवाल : सफलता पाने के लिए क्या करना चाहिए ?**

**रचना कश्यप**

- जवाब: आत्म अनुशासन, अध्ययन एवं खेल मनोरंजन में संतुलन, अध्यापक एवं अभिभावक का मार्गदर्शन से ही सफलता प्राप्त होगी । इसके अलावा अमिशा बंका व अनिर्वान मित्रा ने भी सवाल किए।